*ई – मैगजीन*

# नगर पालिका परिषद, शाहजहाँपुर




मा0 श्री तनवीर खॉ, अध्यक्ष,नगर पालिका परिषद, शाहजहॉपुर, द्वारा मोहल्ला मनफूल नगर कालोनी अजीजगंज में मार्ग का शिलान्यास करते हुये साथ में अवर अभियन्ता श्री विक्रमाजीत यादव व स्थानीय निवासीगण।







पालिका अध्यक्ष मा0 श्री तनवीर खॉ द्वारा मोहल्ला अजीजगंज व नावादा इन्देपुर में निर्माणाधीन मार्गो का निरीक्षण करते हुये।



## पेयजल व्यवस्था

मो0हुंडालखेल व खलीलगर्वी में गलियों में सघन निरीक्षण किया गया। वार्ड में स्थापित इण्डिया मार्क–2 हैण्डपम्पों को चलाकर देखा गया जो क्रियाशील पाये गये। वहॉ के निवासियों से पाइप लाइन से लिये गये जल संयोजनों में जल आने की जानकारी प्राप्त की गई जिनके द्वारा बताया गया कि जल संयोजनों में पानी आ रहा है किन्तु कभी–कभी पानी का प्रेशर कम हो जाता है जिसके सुधार के लिए जलकल प्रभारी को निर्देशित किया गया। तथा यह भी निर्देश दिये गये कि जिन गलियों में पाइप लाइन नही पड़ी है वहॉ के भवन स्वामियों से सम्पर्क कर उनको जल संयोजन लेने के लिए प्रेरित कर, जल संयोजन फार्म भराकर नियमानुसार पाइप लाइन डालने की कार्ययोजना प्रस्तुत करें।








**मार्ग निर्माण**

क्षेत्र की अधिकतर गलियॉ इंटरलांक/सी0सी0 बनी हुई है। क्षेत्र में कोई भी गली कच्ची नही पाई गई। बने हुए मार्ग संतोषजनक स्थिति में है। कुछ गलियों में नाली की बाड़ टूटी व क्रास ड्रेनों पर डाले गये पत्थर टूटे पाये गये उनको तत्काल मरम्मत करवाने के निर्देश संबंधित अवर अभियन्ता को दिये गये। इसके अतिरिक्त 13वॉ वित्त योजनान्तर्गत जिला अस्पताल के गेट के निकट कराये जा रहे नाले के निर्माण कार्य का निरीक्षण किया गया। संबंधित अवर अभियन्ता को मानक के अनुसार गुणवत्तापरक कार्य कराने के कड़े निर्देश दिये गये।









<u>**सफाई व्यवस्था**</u>

मो0हुंडालखेल, खलीलगर्वी की गलियों एवं अम्बा टाकीज मुख्य मार्ग का निरीक्षण किया गया। अम्बा टाकीज मार्ग पर नालियों से निकाली गई सिल्ट एवं जगह–जगह डंप किये गये कूड़े का निस्तारण नही किया गया। क्षेत्रीय सफाई निरीक्षक, सफाई नायक से निस्तारण न किये जाने का औचित्य पूछा गया उनके द्वारा ट्रैक्टर–ट्रॉली, ड्राईवर की लोकेशन लेकर बताया गया कि लोहारों वाले चौराहे पर कूड़ा भरा जा रहा है, उसके उपरान्त मार्ग पर एकत्रित कूड़ा व सिल्ट का निस्तारण करा दिया जायेगा। श्री ओमप्रकाश सफाई नायक मौके पर अनुपस्थित पाये गये जिनका स्पष्टीकरण मॉगने हेतु क्षेत्रीय सफाई निरीक्षक को निर्देशित किया गया। अन्य गलियों की सफाई कार्य संतोषजनक पाया गया।









## पथ प्रकाश व्यवस्था

निरीक्षण के समय पथ प्रकाश व्यवस्था हेतु स्थापित प्रकाश बिन्दुओं के क्रियाशील/ अक्रियाशील के संबंध में क्षेत्रवासियों से जानकारी प्राप्त की गई। निरीक्षण में देखे गये सभी पथ प्रकाश बिन्दु क्रियाशील पाये गये। जिन विद्युत पोलों पर स्विच की व्यवस्था की गई है उन स्विचों को हटाकर स्ट्रीट लाइट से जोड़ने के निर्देश प्रकाश प्रभारी को दिये गये।



